दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, बुधवार 06 जुलाई 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 204.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 5 जुलाई तक 204.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 282 मिली मीटर, पुसौर में 305.4, खरसिया में 238.9, सारंगढ़ में 278, बरमकेला में 176.5, घरघोड़ा में 148.9, तमनार में 221.3, लैलूंगा में 149.1, धरमजयगढ़ में 132.7, सरिया 141.9 एवं छाल तहसील में 173 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ऑनलाईन आरटीई पोर्टल के माध्यम से द्वितीय चरण का छात्र पंजीयन प्रारंभ

**रायगढ़।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत वर्ष 2022-23 हेतु द्वितीय चरण का छात्र पंजीयन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2022 तक निर्धारित की गई है। जिले में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

### मंगलवार को टीएल बैठक के बाद होगी कलेक्टर जनचौपाल

**रायगढ़।** कलेक्टर जन चौपाल के समय में आंशिक फेरबदल किया गया है। अब से कलेक्टर जन चौपाल प्रति सप्ताह मंगलवार को टीएल बैठक के पश्चात सृजन सभाकक्ष में होगी। जिसमें कलेक्टर रानू साहू जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याओं व मांगों के निराकरण के लिए उपस्थित रहेंगी।

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले एसटी व एससी के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रोत्साहन राशि

**26 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित**

**रायगढ़।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 01 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। जिसके तहत पात्र अभ्यर्थियों से 26 जुलाई 2022 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छ.ग.में नियत तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उक्त पते पर भेज सकते है। इस संबंध में पात्रता, शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

### नक्सलियों के लंका डीएकेएमएस अध्यक्ष ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 01 नक्सली लंका डीएकेएमएस अध्यक्ष/ग्राम रक्षा दल कमाण्डर विजय मोहन्दा उर्फ डुंगा ने उप पुलिस अधीक्षक (डीआरजी.) विनय कुमार एवं विशेष आसूचना शाखा (एसआईबी.) के समक्ष आज आत्मसमर्पण कर दिया हैं। आत्मसमर्पित नक्सली विजय मोहन्दा उर्फ डुंगा इन्द्रावती एरिया कमेटी के अन्तर्गत लंका जनताना सरकार में विगत् 14-15 वर्षो से सक्रिय रूप से कार्यरत् था, एवं लंका डीएकेएमएस संगठन का अध्यक्ष था। संगठन में धारित हथियार- 12 बोर बंदूक। लहेरी मुठभेड़ की घटना में सक्रिय भूमिका रही है। इसके अतिरिक्त नक्सली संगठन में सामान की सप्लाई तथा समय-समय पर सौंपे जाने वाले कार्य करता था।

## हितग्राहियों को समय-सीमा में मिले योजनाओं का लाभ : कलेक्टर रानू साहू

- **योजनाओं के क्रियान्वयन की फील्ड लेवल पर मॉनिटरिंग के अधिकारियों को दिए निर्देश**
- **कलेक्टर साहू ने समय-सीमा की बैठक में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने शासकीय योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर साहू ने कहा कि हितग्राहियों को योजनाओं का समय-सीमा में लाभ मिले तथा उनकी समस्याओं का निराकरण हो। यह सभी विभागों का दायित्व है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की फील्ड लेवल तक मॉनिटरिंग करें और हितग्राहियों से फीडबैक लें। इससे प्रशासकीय स्तर पर योजना के संचालन में प्रभावशीलता बढ़ेगी और अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित होंगे।

कलेक्टर साहू ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ पशुपालकों और समूहों के भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को नियमित रूप से भुगतान हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर साहू ने स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हाट-बाजार क्लीनिक के संचालन की जानकारी ली तथा वहां मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे जांच व दवा के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से हाट-बाजार क्लीनिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। अत: निर्धारित शेड्यूल के अनुसार हाट-बाजार क्लीनिक लगाएं।



कलेक्टर साहू ने जिले में चल रहे एनआरसी तथा उसमें उपचाररत बच्चों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एनआरसी कुपोषित बच्चों में पोषण स्तर सुधारने के लिए चलायी जा रही है। अत: एनआरसी केन्द्रों में बेड नियमित रूप से भरे हो तथा उन्हें निर्धारित मेनू अनुसार डाइट दिया जाए। जिससे बच्चे जल्द स्वस्थ हो। कलेक्टर साहू ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यालयों में प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संसाधनों तथा मैन पॉवर की व्यवस्था के संबंध में भी उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने वन अधिकार पट्टा वितरण की भी समीक्षा करते हुए कहा कि पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़े। जिससे उनकी आय में वृद्धि हो। कलेक्टर साहू ने घरेलू कनेक्शन विस्तार कार्य के प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के साथ सोलर योजनाओं के जरिए नल कनेक्शन तेजी से बढ़ाने की बात कही। कलेक्टर साहू ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से ली। इस मौके पर कलेक्टर साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले में प्रस्तावित दौरे के संबंध में तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें सौंपे गये दायित्व अनुसार सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के अंतिम दिवस चलाया गया जागरूकता अभियान



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 21 जून से 5 जुलाई तक सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज समापन अवसर पर शासकीय किरोड़ीमल बाल मंदिर स्कूल में जागरूकता गतिविधियों का अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा हैण्डवाशिंग स्टेप और डायरिया रोकथाम हेतु ओआरएस एवं जिंक टेबलेट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही जिन बच्चों का कोविड टीकाकरण नहीं हुआ है, उनका लिस्ट तैयार किया गया तथा विकासखण्ड क्षेत्रों में एनएसएस बच्चों के द्वारा डायरिया और कोविड टीकाकरण की जानकारी साझा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ.कल्याणी पटेल, उमा महंत, डीएमसी शशांक, रोको-टोको की टीम तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शाला और व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम पर रक्षा टीम प्रभारी ने दी महिला अपराधों की जानकारी

**रायगढ़।** दिनांक 05.07.2022 को इंदिरा गांधी बालक पूर्व माध्यमिक शाला रायगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा कार्यक्रम पर महिला रक्षा टीम प्रभारी को कानून व सुरक्षा सबंधी विषयों पर जानकारी के लिये वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में रक्षा टीम की सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा अपने स्टाफ के साथ स्कूल पहुंची और कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण को महिला एवं बालकों से संबंधित अपराधों पर जानकारी दिया गया। एएसआई मंजू मिश्रा द्वारा स्कूल में छात्र-छात्रओं को यौन उत्पीड़न से बचने गुड टच-बैड टच की जानकारी देने तथा सोशल मीडिया साइड पर सावधानी बरतने जानकारी देने तथा जागरूक करने कहा गया। एएसआई मंजू मिश्रा द्वारा बच्चों में बढ़ रहे मोबाइल गेम खेलने की लत को हानिकारक बताते हुए शिक्षकों द्वारा भी बच्चों को इसके दुष्प्रभाव बताकर उनके हितों में जानकारी देने कहा गया। एएसआई मंजू मिश्रा द्वारा महिला



संबंधी विविध अपराध, पॉक्सो एक्ट में पीड़ित को मिलने वाली कानूनी सेवाएं तथा हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दिया गया और महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला टीचर के मोबाइल पर "अभिव्यक्ति ऐप" डाउनलोड कराया गया है। कार्यक्रम में शिक्षकों की ओर से महिला सुरक्षा संबंधी पूछे गये रोचक प्रश्नों का जवाब बड़ी सरलता से एएसआई मंजू मिश्रा द्वारा दिया गया।

## खाना बनाने में विलंब पर पत्नी की पिटाई, सिर में आई अंदरूनी चोट से मौत, आरोपित पति पुलिस हिरासत में

- **लैलूंगा के ग्राम बगुडेगा की घटना**

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम बगुडेगा के नवापारा में महिला की संदेहास्पद मौत के मामले में उसके पति को हिरासत में लिया गया है। आरोपित कबूल किया कि खाना नहीं बनाने पर उसने अपनी पत्नी को डंडे से मारपीट किया जिससे उसके सिर माथे पर चोट आया और वह फौत हो गई।

घटना के संबंध में दिनांक 03.07.2022 को मृतिका के पति जीतराम पिता स्व. रामनाथ उम्र 35 वर्ष निवासी बगुडेगा ने ही थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन कराया कि दिनांक 02.07.2022 को दोनों पति-पत्नी पत्थलगांव गये थे। जहां से वापस आने के बाद पत्नी बच्चों के साथ कमरे में जाकर सो गई, और यह आंगन में सोया था। शाम को उठा तो पत्नी (रजनी यादव) फौत हो गई थी, थाना लैलूंगा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

महिला के आकस्मिक मौत की सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम हमराह स्टाफ के साथ सीएचसी लैलूंगा में मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया गया और मूल घटनास्थल ग्राम बगुडेगा जाकर मृतिका के वारिसानों, आसपास रहने वालों से पूछताछ करने पर बताये कि दिनांक 02.07.2022 के दोपहर दोनों पति-पत्नी पत्थलगांव गए थे। जहां से घर आने के बाद दोनों झगड़ा विवाद हुये थे जिस पर मृतिका के पति जीतराम यादव को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपनी पत्नी रजनी यादव को झगड़ा मारपीट करना बताया।



आरोपी जीतराम पिता स्व. रामनाथ उम्र 35 वर्ष निवासी बगुडेगा थाना लैलूंगा बताया कि 02 तारीख के दोपहर दोनों पति-पत्नी गांव के कुछ लोगों के साथ पत्थलगांव बैंक गए थे। जहां से घर आए घर आने के बाद पत्नी रजनी यादव को खाना बनाओ बोला तो पहले गांव रथ मेला देखने जाउंगी बोली जिस पर दोनों में विवाद हुआ। इस बीच दरवाजा बंद करने की लकड़ी (सिटकिनी) से रजनी को मारपीट किया , मारपीट धक्का-मुक्की में रजनी के सिर पर दरवाजे का चौखट लगा जिससे अंदरूनी चोट आया और वहीं बेहोश गई जिसे CHC लैलूंगा लेकर गये थे जिसे डॉक्टर मृत बताया। मर्ग जांच पर आरोपी जीतराम यादव पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर हिरासत में लिया गया है, शीघ्र आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

## मलेरिया मुक्त बनाने जिले में हो रहे विविध कार्यक्रम संचालित

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 19 जुलाई 2022 तक मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान सह सघन टी.बी., मोतियाबिन्द, स्केबीज जांच एवं उपचार अभियान 2022 के तहत चयनित क्षेत्र में धनात्मक पाए गये रोगियों का पूर्ण उपचार किया जा रहा है तथा उन क्षेत्रों में रहने वाले सभी व्यक्तियों के द्वारा मच्छरदानी के नियमित उपयोग तथा मच्छरलार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधियों के क्रियान्वयन कर छत्तीसगढ़ राज्य को मलेरिया मुक्त घोषित किये जाने हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी ने बताया कि मलेरिया, टी.बी., स्केबीज के सही समय पर उपचार न होने पर परिवार के अन्य सदस्यों को भी संक्रमण होने की संभावना अधिक रहती है। इस अभियान के तहत सर्वेदल के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे घर-घर जाकर चिन्हांकित गावों में संदेहास्पद मलेरिया रोगियों के लिए रक्तपट्टी जांच एवं आर.डी.टेस्ट से जांच करेंगे तथा टी.बी.संदेहास्पद मरीजों की जानकारी एवं स्पॉट बलगम सैम्पल जांच हेतु बलगम कप में संग्रह करेंगे। मोतियाबिन्द एवं स्केबीज संदेहास्पद रोगियों की जांच एवं जानकारी ली जावेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में डॉ. टी.जी. कुलवेदी से चर्चा की गई तो उन्होंने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में जानकारी दी कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में केवल 43 हजार 928 जनसंख्या को इस अभियान के तहत शामिल किया गया है। जहां 0.5 प्रतिशत से अधिक जांच सकारात्मक दर पाये गये ग्रामों को शामिल कर अभियान चलाया जा रहा है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान जिले के आठ विकासखण्डों से धरमजयगढ़ के 16 ग्रामों, लैलूंगा के 5 ग्राम, घरघोड़ा के 2 ग्राम, लोईंग के 2 ग्राम, पुसौर के 1 ग्राम, चपले के 1 ग्राम, सारंगढ़ के 6 ग्राम एवं बरमकेला के 6 ग्रामों को शामिल किया है इस अभियान को सफल बनाने हेतु संबंधित क्षेत्रों के जनमानस एवं जिले के नागरिको से अपील की जाती है कि रायगढ़ जिला को स्वच्छ जिला बनाने के साथ-साथ मलेरिया मुक्त जिला बनाने में सहयोग प्रदान करें ताकि रायगढ़ जिला मलेरिया मुक्त जिला घोषित हो सके और छत्तीसगढ़ राज्य मलेरिया मुक्त राज्य के रूप में जाना जा सके।

## सुने मकान में चोरी करने वाला किशोर बालक आया लैलूंगा पुलिस के हाथ

- **अपचारी बालक ने पांच दोस्तों के साथ मिलकर की थी चोरी, लैलूंगा पुलिस ने भेजा बाल न्यायालय**

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा वार्ड नं0 4 इमलीपारा के सुने मकान में चोरी करने वाले एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है जो नाबालिग है, हिरासत में लिये गये बाल अपचारी अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया है जिसे लैलूंगा पुलिस द्वारा आज किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया है। अपचारी के पांच साथी फरार है।

चोरी के संबंध में रिपोर्टकर्ता रोहित कुमार पैंकरा पिता बलराम पैंकरा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम भेलवाटोली थाना लैलूंगा बताया कि ग्राम पंचायत पाकरगांव में पंचायत सचिव है। लैलूंगा वार्ड क्रमांक 04 इमलीपारा में मकान बनाकर परिवार सहित रहता है। दिनांक 20/06/2022 को रात करीब 08/00 बजे परिवार सहित परिवारिक मीटिंग के लिए ससुराल ग्राम गमेकेला गया था रात्रि करीब 02/15 बजे वापस घर आये तो देखे, घर का दरवाजा का ताला टुटा हुआ था दरवाजा आधा खुला हुआ था। घर के अंदर अलमारी में रखे सोना, चांदी, साउण्ड वुफर,मोबाईल चार्जर, नगदी रकम 40,000 रूपये कुल जुमला रकम 77,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध नकबजनी का अपराध पंजीबद्ध कर लैलूंगा पुलिस माल मुल्जिम का पतासाजी किया जा रहा था कि आज चोरी के संबंध में मुखबिर द्वारा कुंजारा के एक लड़के को शामिल होना बताया। संदेही बालक को पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लिया गया, काफी पूछताछ बाद संदेही कबूल कर बताया कि मुनमुन भगत हाईस्कूलपारा लैलूंगा व 4 अन्य लड़कों के साथ मिलकर दिनांक 20/06/2022 की रात चोरी करने इमलीपारा के मकान में घुसे थे। मकान के अलमारी को रॉड से तोड़कर एक काले रंग का बैग जिसमें सोना-चांदी था उसे और नकदी रकम को चोरी किये थे, बटवारा में 10000 रूपये मिला था जिसमें 8 हजार रूपये खर्च हो गया है। अपचारी बालक से 2 हजार रूपये नकद की जप्ती कर नकबजनी के आरोप में किशोर न्यायालय पेश किया गया, शेष पांचों आरोपी अपने गांव, घर से फरार है। फरार आरोपियों के संबंध में थाना प्रभारी लैलूंगा मुखबिर व स्टाफ लगाये हुये हैं।

## छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने उद्यानिकी विभाग की ली समीक्षा बैठक

- **गौठानों में सामुदायिक बाड़ी के सुचारू क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल रायगढ़ प्रवास के दौरान कार्यालय सहायक संचालक उद्यानिकी रायगढ़ में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजना बाड़ी एवं सामुदायिक बाड़ी को सुचारू रूप से संचालन के निर्देश दिये। साथ ही समस्त आदर्श गौठान में सामुदायिक बाड़ी क्रियान्वयन करने को कहा। समीक्षा के दौरान बैठक में जिले के सभी विकासखण्ड के उद्यान अधीक्षक, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, प्रक्षेत्र सलाहकार एवं माली शामिल हुए।



बैठक में उद्यानिकी विभाग के योजनाओं की एजेण्डा अनुसार समीक्षा की गई एवं रोपणियो में ज्यादा से ज्यादा पौध उत्पादन हेतु निर्देश दिये गये। पटेल ने सभी ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, प्रक्षेत्र सलाहकार को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर प्रत्येक सीमांत व लघु कृषकों को लाभान्वित करने को कहा। साथ ही पोषण बाड़ी, खरीफ व उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहन, धान के बदले अन्य फसल, गौठान की मूलभूत सुविधाए, सामुदायिक बाड़ी कार्यक्रम, वन डिस्ट्रीक्ट वन क्रॉप (टमाटर व अमरुद) को बढ़ावा व समस्त राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के बीच हुआ एमओयू

- **गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में प्रारंभ होगा विश्वविद्यालय का कौशल विकास केन्द्र**
- **क्षेत्रीय वन उत्पाद की होगी ब्रांडिंग, स्वरोजगार के मिलेंगे अवसर**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के सर्किट हाउस में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के आजीविका व्यापार प्रशिक्षण केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ शासन के बीच एमओयू हुआ। इसके अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक सामुदायिक केन्द्र या कौशल विकास केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जिले के ग्राम लालपुर में 3 हेक्टेयर भूमि आबंटित कर दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह एमओयू न सिर्फ विश्वविद्यालय के हित में कार्य करेगा, बल्कि यहां के स्थानीय युवाओं और जनजातीय क्षेत्रों के उन्नयन के लिए कार्य करेगा। इसके लिए राज्य शासन हर संभव मदद करेगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रोफेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह एमओयू मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दुर्लभ औषधीय प्रजाति से समृद्ध है। साथ ही यहां के निवासी पेड़-पौधे और दुर्लभ जीव जंतुओं एवं औषधियों के जानकार है। उनका विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने पर न ही सिर्फ इस क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि पूरी मानव जाति का कल्याण होगा। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित केन्द्र द्वारा डिप्लोमा तथा डिग्री प्रोग्राम संचालित किए जाएंगे, जिसमें नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के अनुकूल एवं गाइड लाईन के अनुसार विभिन्न रोजगार उन्मुख ई कौशल पाठयक्रम शामिल रहेंगे। साथ ही इस केन्द्र के सहयोग से स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को मार्केट लिंकेज तथा क्रेडिट लिंकेज की सेवा प्रदान की जाएगी।



इसका उद्देश्य जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामीणों एवं युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी, व्यवसायपरक शिक्षा प्रदान कर उन्हे आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न विधाओं में पारंगत कर जनजातीय उन्नयन की दिशा में कार्य करना है। लाइवलीहुड बिजनेस इन्क्यूबेशन (एलबीआई) के समेकित प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा क्षेत्रीय जनजातियों एवं किसानों को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जायेगा।

केन्द्र के समेकित प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा जनजातीय समुदायों को व किसानों को विभिन्न टेऊड्रस में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। केन्द्र द्वारा क्षेत्रीय उत्पाद कोदो, कुटकी, शहद आदि से विभिन्न उत्पाद तैयार कर उनकी ब्रांडिंग भी की जाएगी तथा किसानों को उचित मूल्य प्रदान किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480